**भारत सरकार**

**पोत परिवहन मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **2480** जिसका उत्तर

गुरूवार, 05 **मार्च**, 2020/15 फाल्गुन, 1941 (शक) को दिया जाना है

**अन्तर्राज्यीय जलमार्ग**

**2480. कुमारी राम्या हरिदासः**

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अन्तर्राज्यीय जलमार्ग के विकास हेतु कोई कार्य योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो देश में उक्त कार्य योजना में जिन नदियों और जलमार्गों को शामिल किया गया है उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त कार्य योजना हेतु कुल वित्तीय परिव्यय कितना है?

**उत्तर**

**पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री मनसुख मांडविया)**

**(क) एवं (ख):** देश में अंतर्देशीय जल परिवहन को रेल और सड़क परिवहन की तुलना में किफायती, पर्यावरण अनुकूल तथा अनुपूरक परिवहन साधन के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए, 111 अंतर्देशीय जलमार्गों (पहले से घोषित 5 राष्ट्रीय जलमार्गों सहित) को राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के अंतर्गत 'राष्ट्रीय जलमार्ग' घोषित किया गया था। अन्तर्राज्यीय राष्ट्रीय जलमार्गों सहित, इन राष्ट्रीय जलमार्गों की राज्य-वार सूची **अनुबंध-1** में दी गई है। इनमें से, 25 राष्ट्रीय जलमार्ग अन्तर्राज्यीय रा.ज. हैं। इनकी सूची **अनुबंध-2** में दी गई है।

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा राष्ट्रीय जलमार्गों पर शुरू की गई परियोजनाओं का ब्योरा निम्नानुसार है-

(i) उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)-1 (इलाहाबाद से हल्दिया तक गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली), असम में रा.ज.-2 (धुबरी से सादिया तक ब्रह्मपुत्र नदी), केरल में रा.ज.-3 (उद्योगमंडल और चंपाकारा नहरों के साथ कोट्टापुरम से कोल्लम तक पश्चिम तट नहर) को फेयरवे नौचालन सहायक सामग्री, कार्गो को लादने और उतारने के लिए यांत्रीकृत उपकरण संभलाई सुविधाओं के साथ जेट्टियों और टर्मिनलों सहित पहले ही विकसित कर दिया गया है। ये राष्ट्रीय जलमार्ग प्रचालनरत हैं और इनमें जलयानों की आवाजाही हो रही है। इसके अतिरिक्त; रा.ज.-10 (अम्बा नदी), रा.ज.-68 (मांडोवी नदी), रा.ज.-73 (नर्मदा नदी), रा.ज.-83 (राजपुरी क्रीक), रा.ज.-85 (रेवादंडा क्रीक - कुंडालिका नदी प्रणाली), रा.ज.-91 (शास्त्री नदी - जयगढ़ क्रीक प्रणाली), रा.ज.-97 (सुंदरबन जलमार्ग), रा.ज.-100 (तापी नदी) तथा रा.ज.-111 (जुआरी नदी) भी प्रचालनरत हैं।

इस समय, उपरोक्त प्रचालनरत राष्ट्रीय जलमार्गों में 72.31 मिलियन टन की कार्गो मात्रा का प्रतिवर्ष परिवहन किया जाता है।

(ii) सरकार ने विश्व बैंक की तकनीकी और आर्थिक सहायता से गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली के हल्दिया-वाराणसी जलखंड पर राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)-1 पर नौचालन की क्षमता आवर्धन के लिए 5369.18 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से जलमार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी) के कार्यान्वयन का कार्य शुरू किया है। इस परियोजना की मुख्य विशेषताएँ विभिन्न अवसंरचनाओं जैसे वाराणसी, साहिबगंज और हल्दिया पर मल्टीमॉडल टर्मिनलों का निर्माण, रो-रो टर्मिनल, फरक्का पर नौचालनात्मक लॉक का निर्माण, चैनल मार्किंग प्रणालियां, एकीकृत जलयान मरम्मत एवं रखरखाव सुविधाएं, डिफरेन्शियल ग्लोबल पोजीशनिंग प्रणाली (डीजीपीएस) और नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) की स्वचालित सूचना तकनीकियां, दिन और रात की नौचालन सुविधाएं, स्लिपवे, बंकरिंग सुविधाएं, नदी प्रशिक्षण एवं नदी संरक्षण कार्य का विकास हैं। वैधानिक अनुमतियां प्राप्त होने के बाद तीन वर्षों की समयावधि में 1800 करोड़ रु. (लगभग) की परियोजनाएं वास्तविक रूप से शुरू हो गई हैं।

(iii) आंध्र प्रदेश में चरण-। के अंतर्गत कृष्णा नदी के विजयवाड़ा-मुक्तयाला जलखंड (रा.ज.-4 के भाग) पर फेयरवे विकास कार्य शुरू हो गये है। चार फ्लोटिंग पोटूंस के निर्माण और इब्राहिमपट्टणम, हरिशचंद्रपुरम, मुक्तयाला और माडीपाडू पर चार (4) स्थायी टर्मिनलों के लिए भूमि अधिग्रहण का काम शुरू कर दिया गया है।

(iv) भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा 106 नये राष्ट्रीय जलमार्गों के लिए व्यवहार्यता अध्ययन पूरे कर लिए गए हैं और व्यवहार्यता अध्ययनों तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) के परिणाम के आधार पर, 5 मौजूदा राष्ट्रीय जलमार्गों के अतिरिक्त, 20 नये राष्ट्रीय जलमार्गों को पोत परिवहन एवं नौचालन के लिए तकनीकी रूप से व्यवहार्य पाया गया है। 10 व्यवहार्य नये राष्ट्रीय जलमार्गों पर शुरू की गई विकास गतिविधियों का राज्य वार ब्योरा **अनुबंध-3** में दिया गया है।

**(ग):** पिछले 5 वर्षों के दौरान राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास पर आईडब्ल्यूएआई द्वारा किए गए व्यय का ब्योरा नीचे दिया गया है:-

**(करोड़ रु. में)**

| वर्ष | सहायता अनुदान (जीबीएस)/अतिरिक्त बजटीय संसाधन (ईबीआर) के रूप में व्यय |
|---|---|
| **2015-16** | 321.91 |
| **2016-17** | 362.31 + 340.00 (ईबीआर) |
| **2017-18** | 426.0914 + 660.00 (ईबीआर) |
| **2018-19** | 862.49 |
| **2019-20** | 526.80 |

अनुबंध-1

## 111 राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची

(भारत सरकार ने 12.04.2016 को लागू किए गए राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के तहत 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषित किया है।)

| क्र. सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग सं० | लम्बाई (किमी) | राष्ट्रीय जलमार्गों के नाम | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय जलमार्ग 1 | 1620 | गंगा -भागीरथी -हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया - इलाहाबाद) | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल |
| 2 | राष्ट्रीय जलमार्ग 2 | 891 | ब्रहमपुत्र नदी (धुब्री-सादिया) | असम |
| 3 | राष्ट्रीय जलमार्ग 3 | 205 | (कोट्टापुरम-कोल्लम) चंपाकरा एवं उद्योगमंडल नहर (वेस्ट कोस्ट नहर) | केरल |
| | | 170 | वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम-कोजीकोड) | |
| 4 | राष्ट्रीय जलमार्ग 4 | 50 | काकीनाडा नहर (काकीनाडा से राजमुंद्री) | आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुदुचेरी और महाराष्ट्र |
| | | 171 | गोदावरी नदी (भद्राचलम से राजमुन्द्री) | |
| | | 139 | इलुरू नहर (राजमुन्द्री से विजयवाड़ा) | |
| | | 157 | कृष्णा नदी (वजीराबाद से विजयवाड़ा) | |
| | | 113 | कोम्मामुर नहर (विजयवाड़ा से पेड्डागंजम) | |
| | | 316 | उत्तरी बकिंगघम नहर (पेड्डागजंम से चैन्नई का सेन्ट्रल स्टेशन) | |
| | | 110 | दक्षिण् बकिंगघम नहर (चैन्नई के सेन्ट्रल स्टेशन से मराकणम तक) | |
| | | 22 | कलूवेल्ली टेंक के माध्यम से माराकणम से पुदुचेरी | |
| | | 1202 | गोदावरी नदी (भद्राचलम- नासिक) | |
| | | 636 | कृष्णा नदी (वजीराबाद से गलागली) | |
| 5 | राष्ट्रीय जलमार्ग 5 | 256 | ईस्ट कोस्ट नहर और मताई नदी | |
| | | 265 | ब्राहमणी - खार्सुआ - धामरा नदी | |
| | | 67 | महानदी डेल्टा नदियां (जिनमें हंसुआ नदी, नुनानाला, गोब्रीनाला, खर्नासी नदी और महानदी नदी शामिल हैं) | |
| 6 | राष्ट्रीय जलमार्ग 6 | 68 | आई नदी | असम |
| 7 | राष्ट्रीय जलमार्ग 7 | 90 | अजोय (अजय) नदी | पश्चिम बंगाल |
| 8 | राष्ट्रीय जलमार्ग 8 | 29 | अलाप्पुझा -चंगनसरी नहर | केरल |
| 9 | राष्ट्रीय जलमार्ग 9 | 40 | अलाप्पुझा -कोट्टायम -अथिरमपुजा नहर | केरल वैकल्पिक मार्ग : 11.5 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | किमी |
| 10 | राष्ट्रीय जलमार्ग 10 | 45 | अंबा नदी | महाराष्ट्र |
| 11 | राष्ट्रीय जलमार्ग 11 | 99 | अरुणावती- अरन नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 12 | राष्ट्रीय जलमार्ग 12 | 5.5 | असी नदी | उत्तर प्रदेश |
| 13 | राष्ट्रीय जलमार्ग 13 | 11 | एवीएम नहर | केरल और तमिलनाडु |
| 14 | राष्ट्रीय जलमार्ग 14 | 48 | बैतरणी नदी | ओडिशा |
| 15 | राष्ट्रीय जलमार्ग 15 | 135 | बकरेश्वर-मयूराक्षी नदी प्रणाली | पश्चिम बंगाल |
| 16 | राष्ट्रीय जलमार्ग 16 | 121 | बराक नदी | असम |
| 17 | राष्ट्रीय जलमार्ग 17 | 189 | ब्यास नदी | हिमाचल प्रदेश और पंजाब |
| 18 | राष्ट्रीय जलमार्ग 18 | 69 | बेकी नदी | असम |
| 19 | राष्ट्रीय जलमार्ग 19 | 67 | बेतवा नदी | उत्तर प्रदेश |
| 20 | राष्ट्रीय जलमार्ग 20 | 95 | भवानी नदी | तमिलनाडु |
| 21 | राष्ट्रीय जलमार्ग 21 | 139 | भीमा नदी | कर्नाटक और तेलंगाना |
| 22 | राष्ट्रीय जलमार्ग 22 | 156 | बिरूप -बडीगेंगुटी - ब्रह्मणी नदी प्रणाली | ओडिशा |
| 23 | राष्ट्रीय जलमार्ग 23 | 56 | बुढाबलांगा | ओडिशा |
| 24 | राष्ट्रीय जलमार्ग 24 | 61 | चंबल नदी | उत्तर प्रदेश |
| 25 | राष्ट्रीय जलमार्ग 25 | 33 | चापोरा नदी | गोवा |
| 26 | राष्ट्रीय जलमार्ग 26 | 51 | चिनाब नदी | जम्मू और कश्मीर |
| 27 | राष्ट्रीय जलमार्ग 27 | 17 | कंबरजुआ नदी | गोवा |
| 28 | राष्ट्रीय जलमार्ग 28 | 45 | दाभोल क्रीक- वशिष्ठी नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 29 | राष्ट्रीय जलमार्ग 29 | 132 | दामोदर नदी | पश्चिम बंगाल |
| 30 | राष्ट्रीय जलमार्ग 30 | 109 | देहांग नदी | असम |
| 31 | राष्ट्रीय जलमार्ग 31 | 114 | धनसीरी /चात्हे | असम |
| 32 | राष्ट्रीय जलमार्ग 32 | 63 | दिखू नदी | असम |
| 33 | राष्ट्रीय जलमार्ग 33 | 61 | डॉयांस नदी | असम |
| 34 | राष्ट्रीय जलमार्ग 34 | 137 | डीवीसी नहर | पश्चिम बंगाल |
| 35 | राष्ट्रीय जलमार्ग 35 | 108 | द्वारकेश्वर नदी | पश्चिम बंगाल |
| 36 | राष्ट्रीय जलमार्ग 36 | 119 | द्वारका नदी | पश्चिम बंगाल |
| 37 | राष्ट्रीय जलमार्ग 37 | 296 | गंडक नदी | बिहार और उत्तर प्रदेश |
| 38 | राष्ट्रीय जलमार्ग 38 | 62 | गंगाधर नदी | असम और पश्चिम बंगाल |
| 39 | राष्ट्रीय जलमार्ग 39 | 49 | गनोल नदी | मेघालय |
| 40 | राष्ट्रीय जलमार्ग 40 | 354 | घाघरा नदी | बिहार और उत्तर प्रदेश |
| 41 | राष्ट्रीय जलमार्ग 41 | 112 | घाटप्रभा नदी | कर्नाटक |
| 42 | राष्ट्रीय जलमार्ग 42 | 514 | गोमती नदी | यूपी |
| 43 | राष्ट्रीय जलमार्ग 43 | 10 | गुरुपुर नदी | कर्नाटक |
| 44 | राष्ट्रीय जलमार्ग 44 | 63 | इच्छामती नदी | पश्चिम बंगाल |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 45 | राष्ट्रीय जलमार्ग 45 | 650 | इंदिरा गांधी नहर | हरियाणा, पंजाब और राजस्थान |
| 46 | राष्ट्रीय जलमार्ग 46 | 35 | सिंधु नदी | जम्मू और कश्मीर |
| 47 | राष्ट्रीय जलमार्ग 47 | 131 | जलंगी नदी | पश्चिम बंगाल |
| 48 | राष्ट्रीय जलमार्ग 48 | 590 | जवाई-लूनी नदी और कच्छ का रण नदी प्रणाली | गुजरात और राजस्थान |
| 49 | राष्ट्रीय जलमार्ग 49 | 110 | झेलम नदी | जम्मू और कश्मीर |
| 50 | राष्ट्रीय जलमार्ग 50 | 43 | जिंजिराम नदी | असम और मेघालय |
| 51 | राष्ट्रीय जलमार्ग 51 | 23 | काबीनी नदी | कर्नाटक |
| 52 | राष्ट्रीय जलमार्ग 52 | 53 | काली नदी | कर्नाटक |
| 53 | राष्ट्रीय जलमार्ग 53 | 145 | कल्याण –ठाणे -मुंबई जलमार्ग, वसई क्रीक और उल्हास नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 54 | राष्ट्रीय जलमार्ग 54 | 86 | कर्मनाशा नदी | बिहार और उत्तर प्रदेश |
| 55 | राष्ट्रीय जलमार्ग 55 | 311 | कावेरी -कोलिदाम नदी प्रणाली | तमिलनाडु |
| 56 | राष्ट्रीय जलमार्ग 56 | 22 | खेरकाई नदी | झारखंड |
| 57 | राष्ट्रीय जलमार्ग 57 | 50 | कोपिली नदी | असम |
| 58 | राष्ट्रीय जलमार्ग 58 | 236 | कोसी नदी | बिहार |
| 59 | राष्ट्रीय जलमार्ग 59 | 19 | कोट्टायम -वाइकॉम नहर | केरल |
| 60 | राष्ट्रीय जलमार्ग 60 | 80 | कुमारी नदी | पश्चिम बंगाल |
| 61 | राष्ट्रीय जलमार्ग 61 | 28 | क्यंशी नदी | मेघालय |
| 62 | राष्ट्रीय जलमार्ग 62 | 86 | लोहित नदी | असम और अरूणाचल प्रदेश |
| 63 | राष्ट्रीय जलमार्ग 63 | 336 | लुनी नदी | राजस्थान |
| 64 | राष्ट्रीय जलमार्ग 64 | 426 | महानदी नदी | ओडिशा |
| 65 | राष्ट्रीय जलमार्ग 65 | 80 | महानंदा नदी | पश्चिम बंगाल |
| 66 | राष्ट्रीय जलमार्ग 66 | 247 | माही नदी | गुजरात |
| 67 | राष्ट्रीय जलमार्ग 67 | 94 | मालप्रभा नदी | कर्नाटक |
| 68 | राष्ट्रीय जलमार्ग 68 | 41 | माण्डवी नदी | गोवा |
| 69 | राष्ट्रीय जलमार्ग 69 | 5 | मनिमुथारू नदी | तमिलनाडु |
| 70 | राष्ट्रीय जलमार्ग 70 | 245 | मंजारा नदी | महाराष्ट्र और तेलंगाना |
| 71 | राष्ट्रीय जलमार्ग 71 | 27 | मापुसा /मोइडे नदी | गोवा |
| 72 | राष्ट्रीय जलमार्ग 72 | 59 | नाग नदी | महाराष्ट्र |
| 73 | राष्ट्रीय जलमार्ग 73 | 226 | नर्मदा नदी | महाराष्ट्र और गुजरात |
| 74 | राष्ट्रीय जलमार्ग 74 | 79 | नेत्रावती नदी | कर्नाटक |
| 75 | राष्ट्रीय जलमार्ग 75 | 142 | पलार नदी | तमिलनाडु |
| 76 | राष्ट्रीय जलमार्ग 76 | 23 | पंचगंगावली (पंचगंगोली) नदी | कर्नाटक |
| 77 | राष्ट्रीय जलमार्ग 77 | 20 | पझिहार नदी | तमिलनाडु |
| 78 | राष्ट्रीय जलमार्ग 78 | 262 | पैनगंगा -वर्धा नदी प्रणाली | महाराष्ट्र और तेलंगाना |
| 79 | राष्ट्रीय जलमार्ग 79 | 28 | पेन्नार नदी | आंध्र प्रदेश |
| 80 | राष्ट्रीय जलमार्ग 80 | 126 | पोन्नियार नदी | तमिलनाडु |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 81 | राष्ट्रीय जलमार्ग 81 | 35 | पुन्पुन नदी | बिहार |
| 82 | राष्ट्रीय जलमार्ग 82 | 58 | पुथिमारी नदी | असम |
| 83 | राष्ट्रीय जलमार्ग 83 | 31 | राजपुरी क्रीक | महाराष्ट्र |
| 84 | राष्ट्रीय जलमार्ग 84 | 44 | रावि नदी | जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब |
| 85 | राष्ट्रीय जलमार्ग 85 | 31 | रेवदंडा क्रीक -कुंडलिका नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 86 | राष्ट्रीय जलमार्ग 86 | 72 | रूपन्नारायण नदी | पश्चिम बंगाल |
| 87 | राष्ट्रीय जलमार्ग 87 | 210 | साबरमती नदी | गुजरात |
| 88 | राष्ट्रीय जलमार्ग 88 | 14 | साल नदी | गोवा |
| 89 | राष्ट्रीय जलमार्ग 89 | 45 | सावित्री नदी (बैंकोट क्रीक) | महाराष्ट्र |
| 90 | राष्ट्रीय जलमार्ग 90 | 29 | शरावती नदी | कर्नाटक |
| 91 | राष्ट्रीय जलमार्ग 91 | 52 | शास्त्री नदी -जयगढ़ क्रीक प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 92 | राष्ट्रीय जलमार्ग 92 | 26 | सिलबाटी नदी | पश्चिम बंगाल |
| 93 | राष्ट्रीय जलमार्ग 93 | 63 | सिमसंग नदी | मेघालय |
| 94 | राष्ट्रीय जलमार्ग 94 | 141 | सोन नदी | बिहार |
| 95 | राष्ट्रीय जलमार्ग 95 | 106 | सुबनसिरी नदी | असम |
| 96 | राष्ट्रीय जलमार्ग 96 | 311 | सुबर्ण रेखा नदी | झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा |
| 97 | राष्ट्रीय जलमार्ग 97 | 172 | सुंदरबन जलमार्ग | पश्चिम बंगाल |
| | | 56 | बिद्या नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 15 | छोटा कालागाची (छोटा कालागाची) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 7 | गोमर नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 16 | हरिभंगा नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 37 | होगला (होगल) - पठानखली नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 9 | कालिंदी (कालंदी) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 22 | कटाखाली नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 99 | मटला नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 28 | मुरी गंगा (बरताला) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 53 | राइमंगल नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 14 | साहिबखली (साहेबखली) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 37 | सप्तमुखी नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 64 | ठाकुरान नदी | पश्चिम बंगाल |
| 98 | राष्ट्रीय जलमार्ग 98 | 377 | सतलुज नदी | हिमाचल प्रदेश और पंजाब |
| 99 | राष्ट्रीय जलमार्ग 99 | 62 | ताम्रपर्णी नदी | तमिलनाडु |
| 100 | राष्ट्रीय जलमार्ग 100 | 436 | तापी नदी | महाराष्ट्र और गुजरात |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 101 | राष्ट्रीय जलमार्ग 101 | 42 | टीज़ू-ज़ुंगकी नदियां | नागालैंड |
| 102 | राष्ट्रीय जलमार्ग 102 | 87 | त्वांग (ढलेश्वरी नदी) | असम और मिजोरम |
| 103 | राष्ट्रीय जलमार्ग 103 | 73 | टोंस नदी | उत्तर प्रदेश |
| 104 | राष्ट्रीय जलमार्ग 104 | 232 | तुंगभद्रा नदी | कनार्टक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश |
| 105 | राष्ट्रीय जलमार्ग 105 | 15 | उदयवारा नदी | कर्नाटक |
| 106 | राष्ट्रीय जलमार्ग 106 | 20 | उमंगोट (दावकी) नदी | मेघालय |
| 107 | राष्ट्रीय जलमार्ग 107 | 46 | वैगई नदी | तमिलनाडु |
| 108 | राष्ट्रीय जलमार्ग 108 | 53 | वरुणा नदी | उत्तर प्रदेश |
| 109 | राष्ट्रीय जलमार्ग 109 | 166 | वैनगंगा - प्राणहिता नदी प्रणाली | महाराष्ट्र और तेलंगाना |
| 110 | राष्ट्रीय जलमार्ग 110 | 1080 | यमुना नदी | दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश |
| 111 | राष्ट्रीय जलमार्ग 111 | 50 | ज़ुआरी नदी | गोवा |
| | **कुल लंबाई** | **20162.5** | | |

अनुबंध-2

## अन्तर्राज्यीय राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची

| क्र. सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग सं. | लम्बाई (किमी) | राष्ट्रीय जलमार्गों के नाम | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय जलमार्ग 1 | 1620 | गंगा –भागीरथी -हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया - इलाहाबाद) | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल |
| 2 | राष्ट्रीय जलमार्ग 4 | 50 | काकीनाडा नहर (काकीनाडा से राजमुंद्री) | आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुदुचेरी और महाराष्ट्र |
| | | 171 | गोदावरी नदी (भद्राचलम से राजमुन्द्री) | |
| | | 139 | इलुरू नहर (राजमुन्द्री से विजयवाड़ा) | |
| | | 157 | कृष्णा नदी (वजीराबाद से विजयवाड़ा) | |
| | | 113 | कोम्मामुर नहर (विजयवाड़ा से पेड्डागंजम) | |
| | | 316 | उत्तरी बकिंगघम नहर (पेड्डागजंम से चैन्नई का सेन्ट्रल स्टेशन) | |
| | | 110 | दक्षिण् बकिंगघम नहर (चैन्नई के सेन्ट्रल स्टेशन से मराकणम तक) | |
| | | 22 | कलूवेल्ली टेंक के माध्यम से माराकणम से पुदुचेरी | |
| | | 1202 | गोदावरी नदी (भद्राचलम- नासिक) | |
| | | 636 | कृष्णा नदी (वजीराबाद से गलागली) | |
| 3 | राष्ट्रीय जलमार्ग 5 | 256 | ईस्ट कोस्ट नहर और मताई नदी | |
| | | 265 | ब्राहमणी - खार्सुआ - धामरा नदी | |
| | | 67 | महानदी डेल्टा नदियां (जिनमें हंसुआ नदी, नुनानाला, गोब्रीनाला, खर्नासी नदी और महानदी नदी शामिल हैं) | |
| 4 | राष्ट्रीय जलमार्ग 13 | 11 | एवीएम नहर | केरल और तमिलनाडु |
| 5 | राष्ट्रीय जलमार्ग 17 | 189 | ब्यास नदी | हिमाचल प्रदेश और पंजाब |
| 6 | राष्ट्रीय जलमार्ग 21 | 139 | भीमा नदी | कर्नाटक और तेलंगाना |
| 7 | राष्ट्रीय जलमार्ग 37 | 296 | गंडक नदी | बिहार और उत्तर प्रदेश |
| 8 | राष्ट्रीय जलमार्ग 38 | 62 | गंगाधर नदी | असम और पश्चिम बंगाल |
| 9 | राष्ट्रीय जलमार्ग 40 | 354 | घाघरा नदी | बिहार और उत्तर प्रदेश |
| 10 | राष्ट्रीय जलमार्ग 45 | 650 | इंदिरा गांधी नहर | हरियाणा, पंजाब और राजस्थान |
| 11 | राष्ट्रीय जलमार्ग 48 | 590 | जवाई-लूनी नदी और कच्छ का रण नदी प्रणाली | गुजरात और राजस्थान |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | राष्ट्रीय जलमार्ग 50 | 43 | जिंजिराम नदी | असम और मेघालय |
| 13 | राष्ट्रीय जलमार्ग 54 | 86 | कर्मनाशा नदी | बिहार और उत्तर प्रदेश |
| 14 | राष्ट्रीय जलमार्ग 62 | 86 | लोहित नदी | असम और अरूणाचल प्रदेश |
| 15 | राष्ट्रीय जलमार्ग 70 | 245 | मंजारा नदी | महाराष्ट्र और तेलंगाना |
| 16 | राष्ट्रीय जलमार्ग 73 | 226 | नर्मदा नदी | महाराष्ट्र और गुजरात |
| 17 | राष्ट्रीय जलमार्ग 78 | 262 | पैनगंगा -वर्धा नदी प्रणाली | महाराष्ट्र और तेलंगाना |
| 18 | राष्ट्रीय जलमार्ग 84 | 44 | रावि नदी | जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब |
| 19 | राष्ट्रीय जलमार्ग 96 | 311 | सुबर्ण रेखा नदी | झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा |
| 20 | राष्ट्रीय जलमार्ग 98 | 377 | सतलुज नदी | हिमाचल प्रदेश और पंजाब |
| 21 | राष्ट्रीय जलमार्ग 100 | 436 | तापी नदी | महाराष्ट्र और गुजरात |
| 22 | राष्ट्रीय जलमार्ग 102 | 87 | त्वांग (ढलेश्वरी नदी) | असम और मिजोरम |
| 23 | राष्ट्रीय जलमार्ग 104 | 232 | तुंगभद्रा नदी | कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश |
| 24 | राष्ट्रीय जलमार्ग 109 | 166 | वैनगंगा - प्राणहिता नदी प्रणाली | महाराष्ट्र और तेलंगाना |
| 25 | राष्ट्रीय जलमार्ग 110 | 1080 | यमुना नदी | दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश |

अनुबंध -3

10 राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची जिन पर विकास कार्य शुरू किए गए हैं।

| जलमार्ग और राज्यों का नाम | स्थिति |
|---|---|
| 1. असम में बराक नदी (रा.ज.-16) | सिलचर से भंगा तक चरण-I के लिए 76.01 करोड़ रु. की लागत से विकास कार्य शुरू किया गया है। इसमें रखरखाव ड्रेजिंग, बदरपुर और करीमगंज में टर्मिनलों का उन्नयन शामिल है। सीमित बुनियादी अवसंरचना सुविधा के साथ यह राष्ट्रीय जलमार्ग प्रचालन में है। |
| 2. बिहार में गंडक नदी (रा.ज.-37) | आवश्यकता के अनुरूप शुरूआती विकास प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है। आगे विकास प्रक्रिया को कार्गो की मांग के साथ समकालिक बनाया जाएगा। |
| **गोवा में जलमार्ग**<br>3. रा.ज.-27-कंबरजुआ<br>4. रा.ज. 68 - मान्डोवी<br>5. रा.ज. 111 - जुआरी | मुरगांव पत्तन न्यास की सहायता के साथ गोवा सरकार के माध्यम से कार्य का निष्पादन किए जाने का प्रस्ताव है। कार्य शुरू करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। गोवा में 22.65 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर विकास कार्य शुरू किए गए हैं। गोवा के राष्ट्रीय जलमार्ग प्रचानल में हैं।<br>11.33 करोड़ रु. की लागत से मान्डोवी नदी पर 3 फ्लोटिंग जेट्टी की स्थापना और ईपीसी आधार पर चपौरा नदी एक फ्लोटिंग जेट्टी की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। |
| 6. केरल में अल्लापुझा - कोट्टायम - अथिरमपुझा केनाल (रा.ज.-9) | ड्रेजिंग कार्य विभाग-वार किया जाना प्रस्तावित है। यह जलमार्ग फेरी सेवाओं के लिए पहले से ही प्रचालन में है। वर्ष 2019-20 में निष्पादित करने के लिए मई, 2019 में 0.82 करोड़ रु. की लागत से विकास हेतु रखरखाव योजना अनुमोदित की गई थी। रात्रिकालीन नौचालन सुविधाएं स्थापित की गई है। |
| 7. पश्चिम बंगाल में रूपनारायण नदी (रा.ज.-86) | इस जलमार्ग का विकास 24.00 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर शुरू किया गया है। फ्लोटिंग टर्मिनल स्थापित करने के लिए कार्य सौंपा गया है। यह जलमार्ग प्रचालन में है। |
| 8. पश्चिम बंगाल में सुंदरबन जलमार्ग (रा.ज.-97) | इस जलमार्ग का विकास 18.10 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर शुरू किया गया है। कार्गो / यात्री की संभलाई अथवा सीमाशुल्क / अप्रवासन आवश्यकताओं हेतु हेमनगर में बुनियादी ढ़ांचे को उन्नत किया जा रहा है। यह जलमार्ग भारत-बांग्लादेश प्रोटोकोल मार्ग का हिस्सा है और जलयानों के लिए पहले से ही प्रचालन में है। |
| 9. बिहार में कोसी नदी (रा.ज.-58) | विकास प्रक्रिया को कार्गो की मांग के साथ समकालिक बनाया जाएगा। |
| 10. उत्तर प्रदेश में घाघरा नदी (रा.ज.-40) | विकास प्रक्रिया को कार्गो की मांग के साथ समकालिक बनाया जाएगा। |

*******